an>

Title : Need to develop Jammu as a Smart City.

**जुगल किशोर शर्मा (जम्मू):** मैं माननीय मंत्री जी का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र जम्मू की तरफ दिलाना चाहता हूं । जम्मू को स्मार्ट सिटी बनाने के लिए कामों की सूची तो बनाई गई है पर उन पर अभी कोई काम शुरू नहीं हो पाया है । इनमें तवी नदी के दोनों किनारों पर विकास और उन्हें साबरमती नदी की तर्ज पर विकसित करने का काम शामिल है । जम्मू झील भी जम्मू दर्शन के लिए विकसित है, जो आने वाले पर्यटकों को आकर्षित करेगी और जम्मू के लोगों का व्यवसाय भी बढ़ेगा । मैं माननीय मंत्री जी से आग्रह करना चाहता हूं कि जम्मू को स्मार्ट सिटी बनाने को लेकर विशेष ध्यान देने की कृपा करें और इस प्रोजेक्ट को जल्द से जल्द पूरा करने का कष्ट करें ।